DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- पंजाब केसरी DELHI ------------DATED 21 अक्तूबर, 2022

बिधूड़ी ने की डीडीए वीसी से मुलाकात

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बदरपुर विधानसभा क्षेत्र की अनेक समस्याओं को लेकर गुरुवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता से मुलाकात की। बिधूड़ी ने उन्हें बदरपुर क्षेत्र की अनेक समस्याओं से अवगत कराया और मांग की कि उनके विधानसभा क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट पार्क और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए। इसके अलावा गौतमपुरी स्थित डीडीए फ्लैट्स की मरम्मत करने, वहां पर पार्क और सड़कों के निर्माण के लिए भी बिधूड़ी ने मांग की। वीसी ने उन्हें जानकारी दी कि जल्दी ही जारी होने वाले मास्टर प्लान में बदरपुर की नहर पार की इन कॉलोनियों को ओ-जोन से बाहर करने का प्रावधान कर दिया गया है। इन कॉलोनियों को ओ-जोन से बाहर करने के लिए वहां के निवासी बहुत लंबे समय से मांग कर रहे हैं। बिधूड़ी ने बताया कि वह बहुत बार इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली के उपराज्यपाल व डीडीए के वीसी से मिलकर विस्तृत चर्चा कर चुके हैं।